<u>संदेश</u>

सभी भारतवासियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। भारत की बेटियों ने अपनी सफलताओं से देश का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। हमें अपनी बेटियों पर गर्व है।

यह दिवस नारी शक्ति को समर्पित है। महिलाओं ने बदलते समय से कदमताल कर हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मुझे विश्वास है कि भारतीय समाज महिला सशक्तिकरण की दिशा में अविराम प्रगति करता रहेगा और स्त्री-पुरुष समानता को निरंतर दिया जा रहा बढ़ावा हमारी बेटियों और समाज के लिए नए-नए अवसर लेकर आएगा।

नारीत्व की महानता के इस उत्सव की सभी को बधाई।

****